श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड–249199
Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay
Badshahithaul, Tehri Garhwal,Uttarakhand – 249199

Tel.– (Office) – 01376–254065
(Resi.) – 01376–254142
(Fax) – 01376–254065
website-www.sdsuv.ac.in

SDSUV/448 नि. 9./2013 Dated 05/8/.2013

विज्ञप्ति

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाही थौल, टिहरी गढ़वाल में नियमित पदों की नियुक्ति में लगने वाले समय के दृष्टिगत कुलपति महोदय द्वारा सम्यक विचारोपरान्त, यह कहने का निदेश हुआ है कि विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय/शोध संस्थान/केन्द्रीय/राज्य सरकार के संस्थान में कार्यरत समकक्ष एवं अनुभवी कार्मिकों से निम्नलिखित रिक्त पदों को 01 वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

पद नाम/वेतनमान/पदों की संख्या	सेवा शर्ते/जानकारी
पद नाम – कम्प्यूटर प्रोग्रामर वेतनमान – रू0 15600–39100/– ग्रेड वेतन रू0 5400/– पदों की संख्या – 01	(1) कम्प्यूटर प्रोग्रामर पद के एक ग्रेड पे से नीचे वेतनमान(रू0 9300–34800/– ग्रेड वेतन रू0 4200/–) में कम से कम 05 वर्ष की निरन्तर, नियमित सन्तोषजनक सेवाओं अनुभव। आवेदन की तिथि को आयुसीमा अधिकतम 45 वर्ष है। (2)विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान से बी0टेक0/बी0ई0(कम्प्यूटर सांईस/ इलैक्ट्रानिक्स कम्युनिकेशन/आई0टी0) की उपाधि। (3) अन्य बातें समान रहने पर ऐसे अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी, जिन्हें राज्य अथवा केन्द्रीय विश्वविद्यालय/किसी उच्च शैक्षिणिक संस्थान में कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का उत्कृष्ट कार्य का अनुभव।
पद नाम – लेखाकार वेतनमान – रू0 9300–34800/– ग्रेड वेतन रू0 4200/– पदों की संख्या – 01	(1) सहायक लेखाकार (वेतनमान– रू0 5200/–20200/– ग्रेड वेतन रू0 2800/–) के पद पर कम से कम 03 वर्ष की निरन्तर नियमित सन्तोषजनक सेवाओं अनुभव। आवेदन की तिथि को आयुसीमा अधिकतम 45 वर्ष है। (2) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान से वाणिज्य विषय में स्नातक। लेखा में विशेषज्ञता सहित सीए/आईसीडब्लूए, बजट की तैयारियां एवं अन्य लेखा सम्बन्धी इत्यादि मामलों का उत्कृष्ट ज्ञान। कम्प्यूटर संचालन एवं हिन्दी, अंग्रेजी टाईपिंग का अच्छा ज्ञान।

पद नाम – प्रवर सहायक वेतनमान – रू0 5200–20200/–ग्रेड वेतन रू0 2800/– पदों की संख्या– 02	(1) कनिष्ठ सहायक (वेतनमान– रू0 5200/–20200/– ग्रेड वेतन रू0 1900/– अथवा 2000/–) के पद पर कम से कम 05 वर्ष की निरन्तर, नियमित सन्तोषजनक सेवाओं अनुभव। आवेदन की तिथि को आयुसीमा अधिकतम 45 वर्ष है। (2) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान से स्नातक। कम्प्यूटर हिन्दी, अंग्रेजी टाईपिंग, कम्प्यूटर संचालन, नोटिंग, ड्राफ्टिंग का उत्कृष्ट ज्ञान होना चाहिए।

उक्त अर्हतायें पूर्ण करने वाले पदधारक/आवदेक, पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र (Curriculum Vitae) सम्बन्धित विभागाध्यक्ष की अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अग्रसारण सहित दिनांक **24.08.2013 (शनिवार) की सांय 5.00 बजे तक प्रभारी कुलसचिव, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाही थौल, टिहरी गढ़वाल** के कार्यालय में पंजीकृत अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। दिनांक 24.08.2013(शनिवार)की सांय 5.00 बजे के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट– आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर सम्बन्धित पदनाम पर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन का स्पष्ट अंकन किया जाय।

प्रभारी कुलसचिव,
श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाही थौल, टिहरी गढ़वाल।